# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला बीजापुर (छ.ग.)

**Phone no. 07853220264** **e-mail:- cmhobijapur264@gmail.com**

**क्रमांक / 2407 / मु.चि.अ. / Niti / 2026** **बीजापुर, दिनांक 16 / 01 / 2026**

## // विज्ञापन //

कलेक्टर महोदय, जिला बीजापुर से प्राप्त अनुमोदन दिनांक 08.01.2026 के परिपालन में जिला बीजापुर में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत आने वाले 69 चिन्हाकिंत ग्रामों में नीति आयोग मद अंतर्गत शासन के नियमानुसार **''स्वास्थ्य मित्र''** की (अस्थाई) भर्ती एकमुश्त निर्धारित मानदेय में की जावेगी। आवश्यक अर्हता रखने वाले पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 16.01.2026 से 29.01.2026 संध्या 5.00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् या साधारण डाक या स्वयं उपस्थित होकर या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | पद का नाम | मानदेय | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **''स्वास्थ्य मित्र''** | Rs.5000/- (प्रोत्साहन राशि अधिकतम Rs. 3000/- कार्य आधारित) | 69 | 10वी पास | नियद नेल्लानार क्षेत्र के संबंधित ग्राम के निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता। |

नियम **व** शर्तें:–

1. शैक्षणिक योग्यता – आवेदक को न्यूनतम 10 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. विज्ञापन के साथ नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत 69 ग्रामों की सूची संलग्न की गई है। उक्त 69 ग्रामों में से प्रत्येक ग्राम में एक **''स्वास्थ्य मित्र''** की पदस्थापना की जावेगी।
3. उक्त 69 ग्राम के निवासी ही संबंधित ग्राम में कार्य करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें।
4. आवेदक जिस ग्राम हेतु आवेदन कर रहे है सबंधित ग्राम का होना अनिवार्य है, उस ग्राम का आवेदक नही मिलने पर ही समीपस्थ ग्राम के आवेदक पर विचार किया जायेगा ।
5. प्राथमिकता का आधार (ग्राम / पंचायत / सेक्टर) स्तर से किया जायेगा (जिस हेतु निवास का प्रमाण पत्र आधार कार्ड / राशन कार्ड / वोटर आईडी सलंग्न करेंगे) ।
6. बीजापुर जिले के स्थानीय अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।
7. नक्सली पीड़ित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर अधिकतम 05 बोनस अंक प्रदाये किया जावेगा।
8. आवेदक का उम्र न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
9. एक ग्राम हेतु एक से अधिक आवेदक होने की दशा में चयन का आधार मेरिट क्रम अनुसार होगा
10. चयन उपरांत स्वास्थ्य मित्र का 05 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा ।
11. यह पद ना संविदा है और ना ही नियमित है यह पूर्णतः अस्थायी है जो कि नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत मितानिन विहिन ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु सहयोग के लिए होगा।
12. यह नियुक्ति स्थानीय व्यवस्था के तहत की जा रही है, जिसे नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा कभी भी समाप्त की जा सकती है।
13. एकमुश्त प्रतिमाह मानदेय राशि 5000 रू (पांच हजार रूपए मात्र) देय होगा। इसके अलावा 3000 रू अतिरिक्त कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जावेगा जो कि चयनित संकेतकों के आधार पर कार्य प्रदर्शन अनुसार प्रदाय किया जावेगा।
14. प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त कोई अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
15. मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि वृद्धि हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं किया जावेगा।
16. कार्य अवधि के दौरान या कार्य अवधि के समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार से नियमित किये जाने अथवा पुनः नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति की पात्रता नहीं होगी।
17. कार्य असंतोषजनक पाये जाने व कदाचार में लिप्त पाये जाने पर कार्य समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी।

18 अपने निर्धारित ग्राम में निवासरत रहते हुये कार्य किया जाना अनिवार्य होगां किसी भी स्थिति में निर्धारित ग्राम से बाहर रहकर कार्य करने पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी, इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

19 किसी अन्य संस्था या अन्य पद में रहते हुये यह कार्य नहीं किया जावेगा।

20 चयनित संकेतक प्रोत्सान राशि 3000 रू निम्नलिखित कार्य प्रदर्शन के आधार पर प्रदाय किया जावेगा:–

- माह के सभी संभावित प्रसूताओं को संस्थागत प्रसव के लिए ले जाने पर (शासकीय अस्पताल) –300रू
- नवजात के घर प्रथम 42 दिन में सात निर्धारित गृहभेंट किये जाने पर –250रू
- पोषण पुनर्वास केंद्र में गंभीर कुपोषित बच्चे को भेजने व पोषण पुनर्वास केंद्र से लौटे गंभीर कुपोषित बच्चे के घर सलाह हेतु गृहभेंट करने पर –300रू
- प्रथम वर्ष का टीका पूर्ण करने पर (BCG से खसरे तक का टीका लगने पर) –100रू
- द्वितीय वर्ष का टीका पूर्ण करने पर (बुस्टर का टीका लगने पर) –75रू
- दम्पत्ति को 1–2 जीवित बच्चों के पश्चात परिवार नियोजन आपरेशन के लिये सफलता पूर्वक प्रेरित किये जाने पर (शासकीय अस्पताल) –500रू
- प्रसव पश्चात् परिवार नियोजन के अस्थाई साधन (PPIUCD) लगाने के लिए प्रेरित करने पर (शासकीय अस्पताल) –150रू
- मलेरिया स्लाइड/RDT टेस्ट बनाने पर –15रू (14 स्लाइड प्रति माह कुल 210 रू)
- PF एवं PV प्रकरण का इलाज पूर्ण कराने पर – 200रू
- कुष्ठ के मरीज का इलाज पूर्ण कराने पर –400रू
- TB मरीज की पूर्ण ईलाज के सहयोग कराने पर –500रू

21 पदस्थापना नियुक्ति तिथि से केवल (89 कार्य दिवस) एक वर्ष अथवा बजट उपलब्ध होने तक की जावेगी।

22 भर्ती संबंधित समस्त जानकारी जिला बीजापुर के वेबसाईट https://bijapur.gov.in/ तथा कार्यालय के सूचना पटल से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

23 आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वयं के द्वारा स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है।

24 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन अमान्य कर निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबधितों को पृथक से नहीं दी जावेगी।

25 उम्मीदवार की आयु 01.01.2026 की स्थिति में न्यूनतम वर्ष 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिये।

26 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

27 अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जायेगी:–

10वी अंकसूची के प्राप्तांकों का 95 प्रतिशत + नक्सल पीडित प्रमाण पत्र–05 अंक को जोड़कर मेरीट के अधार पर चयन किया जावेगा।

28 चयन उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व समस्त मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

29 अभ्यार्थियों को भर्ती से संबंधित जानकारी हेतु समय–समय पर https://bijapur.gov.in/ का अवलोकन करें इसके अलावा अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत सूचना नही दी जावेगी। अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि समय–समय पर वेबसाइट का अवलोकन करें।

30 भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकारी चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

31 आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः क्रमवार किया जावे तथा पृष्ठ क्रमांक अंकित करें।

- आवेदन पत्र
- 10वीं की अंकसूची (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैद्य **मूल निवास प्रमाण पत्र**
- नक्सल पिड़ित हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैद्य प्रमाण पत्र (इस आशय का प्रमाण पत्र कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, तहसीलदार से जारी प्रमाण पत्र को मान्य किया जावेगा)
- पहचान पत्र ( आधार कार्ड/राशन कार्ड/वोटर आई.डी. कार्ड)
- उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रस्तुत ना करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत किसी भी प्रकार से दस्तावेजों के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिलाबीजापुर(छ.ग.)

# आवेदन पत्र

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बीजापुर (छ.ग.)

स्व
हस्ताक्षरित
फोटो

## आवेदित पद का नामः– "स्वास्थ्य मित्र"

विज्ञापन के साथ नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत 69 ग्रामों की सूची संलग्न की गई है। उक्त 69 ग्रामों में से प्रत्येक ग्राम में एक "स्वास्थ्य मित्र" की पदस्थापना की जावेगी। उक्त 69 ग्राम के निवासी ही संबंधित ग्राम में कार्य करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें। संबंधित ग्राम के अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में समीपवर्ती ग्राम के अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा।

आवेदित ग्राम का नाम ..........................................................
ग्राम पंचायत का नाम ..........................................................
तहसील का नाम ..........................................................
विकासखण्ड का नाम ..........................................................
जिले का नाम ..........................................................

1- आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................
(अंग्रेजी में) :– ..........................................................

2- पिता/पति का नाम :– ..........................................................

3- जन्म तिथि :– वर्ष..................माह..................दिन..................
शब्दों में :– ..........................................................

4- आयु दिनांक (01.01.2026) की स्थिति में ..........................................................

5- स्थायी पता :– ..........................................................
..........................................................

6- पत्र व्यवहार का पता एवं मो. न. :– ..........................................................
..........................................................
..........................................................

7- क्या आवेदक बीजापुर जिले का मूल निवासी है:..........................................................
यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

8- क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें :..........
..........................................................

1

9- शैक्षणिक योग्यता (स्वयं सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड /विश्व विद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | पूर्णांक/प्राप्तांक | प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10- नक्सल पीडित प्रमाण पत्र संलग्न हॉ/नहीं :– ..............................................................................

11- संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची :–

1.............................................................................. 2..............................................................................

3.............................................................................. 4..............................................................................

5.............................................................................. 6..............................................................................

7.............................................................................. 8..............................................................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

पूरा नाम..........................................

## —::घोषणा::—

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है। यदि उपर्युक्त विवरण का कोई अंश असत्य पाया जाता है, तो नियुक्ति के पश्चात् भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरी उम्मीदवारी निरस्त किये जाने/सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड, जो वह उचित समक्षे के लिये मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

स्थान :– .............................. पूरा नाम : –..........................................

दिनांक:– .............................. मो.नं. : –..........................................

नियद नेल्लानार एवं नक्सल मुक्त ग्रामों की सूची जहां ना ही मितानीन की स्वीकृत है ना ही कार्यरत है।

| स.क. | विकासखण्ड का नाम | उपस्वास्थ्य केन्द्र का नाम | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द्र बेलनार | तकिलोड़ |
| 2 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द धर्मा | मर्रामेटा |
| 3 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द धर्मा | पदमेटा |
| 4 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द धर्मा | गोंडमेटा |
| 5 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द बडेपल्ली | उतला |
| 6 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द बडेपल्ली | ताडोपोट |
| 7 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द बडेपल्ली | किसकल |
| 8 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द बडेपल्ली | ताड़वल्ला |
| 9 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द परकेली | मर्दिंगपाल |
| 10 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द परकेली | कोलनार |
| 11 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द्र बेचापाल | तिम्मेनार |
| 12 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द्र बेचापाल | पोडोवाया |
| 13 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द्र बेचापाल | एटेपाल |
| 14 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द्र बेचापाल | तामोडी |
| 15 | भैरमगढ़ | उप स्वास्थ्य केन्द्र बेचापाल | एंड्रीनार |
| 16 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | कुरूष |
| 17 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | कावडगांव |
| 18 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | हिरमागुण्डा |
| 19 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | डुमरीपालनार |
| 20 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | करका |
| 21 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | दुगेली |
| 22 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | मुदवेंदी |
| 23 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | हिरोली |
| 24 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | छोटा हिरोली |
| 25 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसनार | एडसमेटा |
| 26 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पीडिया | पीडिया |
| 27 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पीडिया | अण्ड्री |
| 28 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पीडिया | इर्रेनार |
| 29 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पीडिया | तमोडी |
| 30 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र डोडीतुमनार | डोडीतुमनार |
| 31 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र डोडीतुमनार | कुएम |
| 32 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र डोडीतुमनार | मिरगानघोटूल |
| 33 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र डोडीतुमनार | गमपुर |

| स.क. | विकासखण्ड का नाम | उपस्वास्थ्य केन्द्र का नाम | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 34 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालनार | सावनार |
| 35 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालनार | तोडका |
| 36 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालनार | कोरचोली |
| 37 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालनार | नेण्ड्रा |
| 38 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालनार | इतावार |
| 39 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालनार | करमामुडा |
| 40 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र चेरपार | मुनगा |
| 41 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र मनकेली | गोरना |
| 42 | बीजापुर | उप स्वास्थ्य केन्द्र मनकेली | इसूलनार |
| 43 | भोपालपट्नम | उप स्वास्थ्य केन्द्र बडेकाकलेड़ | कोण्डापडगु |
| 44 | भोपालपट्नम | उप स्वास्थ्य केन्द्र बडेकाकलेड़ | मारवाडा |
| 45 | भोपालपट्नम | उप स्वास्थ्य केन्द्र बडेकाकलेड़ | नीलामाडगू |
| 46 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र कोण्डापल्ली | कोमटपल्ली |
| 47 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र उड़तामाला | गमपड़ |
| 48 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र उड़तामाला | दामारम |
| 49 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र उड़तामाला | गादीगुड़ा |
| 50 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र एर्रापल्ली | एर्रापल्ली |
| 51 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र एर्रापल्ली | दारेली |
| 52 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र एर्रापल्ली | बोटेतोंग |
| 53 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र एर्रापल्ली | मेटागुड़ा |
| 54 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र एर्रापल्ली | पेदाचंदा |
| 55 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र एर्रापल्ली | पिनाचंदा |
| 56 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालागुड़ा | कंचाल |
| 57 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालागुड़ा | करवगट्टा |
| 58 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालागुड़ा | बोमेंड |
| 59 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालागुड़ा | मीनागट्टा |
| 60 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालागुड़ा | गुडराजगुड़ा |
| 61 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पालागुड़ा | पालागुड़ा |
| 62 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुजारीकांकेर | रामपुर |
| 63 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुजारीकांकेर | पेदाउटलापल्ली |
| 64 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुजारीकांकेर | कस्तुरपाड़ |
| 65 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुजारीकांकेर | मल्लेमपेंन्टा |
| 66 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुजारीकांकेर | कोत्तापल्ली |
| 67 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र पुजारीकांकेर | तुमरेल |
| 68 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र उसूर | टेकमेटला |
| 69 | उसूर | उप स्वास्थ्य केन्द्र उसूर | भूषापुर |